# महाकाल की तर्ज पर बनेगा नर्मदा लोक कॉरिडोर

- 20 करोड़ से बन रहा है भव्य कॉरिडोर
- बेसाल्ट पत्थरों से बदलेगा घाट का स्वरूप



**नर्मदापुरम, 28 मई. जिलें में मां नर्मदा के घाटों को धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से नई पहचान देने के लिए करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से भव्य नर्मदा लोक कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है.**

महाकाल लोक की तर्ज पर बनने वाला यह प्रोजेक्ट शहर को आधुनिक सुविधाओं और आध्यात्मिक आकर्षण से जोड़ेगा. कॉरिडोर का पहला चरण पर्यटन घाट से शुरू हो चुका है, जहां पार्किंग निर्माण और मिट्टी भराव का कार्य जारी है. नगर पालिका द्वारा घाट क्षेत्र को व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए भारी मशीनों की मदद से तेजी से काम कराया जा रहा है.

करीब पांच किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर को खर्राघाट से गोदरी घाट तक विकसित किया जाएगा. परियोजना का मुख्य केंद्र सेठानी घाट रहेगा, जहां आधुनिक घाट, आकर्षक पाथवे, बैठने की व्यवस्था, योग स्थल, लाइट फाउंटेन और बोटिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी.

परियोजना के तहत हर्बल पार्क को थीम पार्क की तर्ज पर तैयार किया जाएगा. यहां बच्चों के लिए झूले, युवाओं के लिए साइकिल ट्रैक और बुजुर्गों के लिए मॉर्निंग वॉक एवं योग जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी. साथ ही फूड प्लाजा और आकर्षक लाइटिंग से क्षेत्र को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा.

नर्मदा संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नालों के शुद्धिकरण की भी व्यवस्था की जा रही है. नए पंपिंग स्टेशन और एसटीपी प्लांट के जरिए गंदे पानी को शुद्ध कर ही नर्मदा में छोड़ा जाएगा, जिससे नदी की स्वच्छता बनी रहे.

घाटों को भव्य स्वरूप देने के लिए बेसाल्ट पत्थरों पर विशेष नक्काशी की जाएगी. आधुनिक मशीनों से तैयार डिजाइन घाटों की सुंदरता को नया रूप देंगे. प्रशासन का मानना है कि यह परियोजना धार्मिक पर्यटन, स्थानीय रोजगार और शहर के विकास को नई गति देगी.

**इनका कहना...**

नर्मदा लोक कॉरिडोर शहर की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है और इसे बेहतर गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराया जाएगा.

**नीतू महेंद्र यादव**
**नपाअध्यक्ष, नर्मदापुरम**

# बारिश से पहले सफाई अभियान तेज

- जेसीबी से नालों की व्यापक सफाई जारी

**सिवनी मालवा, 28 मई. आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में विशेष सफाई अभियान तेज गति से चलाया जा रहा है.**

जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने और बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख नालों एवं नालियों की जेसीबी मशीनों से व्यापक सफाई कराई जा रही है. नगर परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में लगातार सफाई कार्य कराया जा रहा है. अधिकारी मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी कर रहे हैं. परिषद का यह अभियान स्वच्छता के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है.



इसी क्रम में वार्ड क्रमांक-1 फाइल वार्ड क्षेत्र में जेसीबी मशीन लगाकर बड़े नालों की गहराई से सफाई कराई गई. लंबे समय से जमा कचरा, झाड़ियां और गाद हटाकर पानी की निकासी को सुचारू बनाया गया, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या कम हो सके. सफाई अभियान के दौरान स्वच्छता विभाग की टीम एवं नगर परिषद के अधिकारी मौजूद रहे और पूरे कार्य की निगरानी करते रहे.

**इनका कहना...**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह उइके ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है. नगर पालिका अध्यक्ष रिंकू जैन ने नागरिकों से अपील की कि शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाने में सभी सहयोग करें.

वार्ड पार्षद अखिलेश खेमचंद चौकसे ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाना और नागरिकों को बारिश के समय होने वाली परेशानियों से राहत दिलाना है. वहीं स्वच्छता निरीक्षक डॉ. प्रशांत कुमार शर्मा ने कहा कि वर्षा पूर्व नालों की नियमित सफाई से जलभराव की समस्या काफी हद तक कम की जा सकती है.

## एक नजर में...

### नर्मदा तट पर चला स्वच्छता अभियान



**नर्मदापुरम.** पुरुषोत्तम माह के अवसर पर ग्वाल नर्मदा सेना द्वारा मां नर्मदा नदी के गोल घाट काले महादेव तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया. 'नर्मदे हर जिंदगी भर' के जयघोष के साथ सेना के सदस्यों ने घाट परिसर में झाड़ू लगाकर कचरा एकत्र किया और पूरे तट की साफ-सफाई की. अभियान के दौरान ग्वाल नर्मदा सेना के सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे न स्वयं गंदगी फैलाएंगे और न ही किसी अन्य को फैलाने देंगे. सेना के संरक्षक धनराज यादव ने सभी सदस्यों से शासन के स्वच्छता अभियानों में सक्रिय सहयोग करने की अपील की. ग्वाल सेना अध्यक्ष मोहन यादव ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि नर्मदा स्नान के दौरान साबुन और शैंपू का उपयोग न करें, ताकि मां नर्मदा का जल स्वच्छ बना रहे. उन्होंने कहा कि नदी और घाटों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है. स्वच्छता अभियान के दौरान श्रद्धालुओं को भी जागरूक किया गया और नर्मदा तट को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया गया.

### इटारसी में सड़क हादसा, युवक की मौत

**इटारसी.** शहर के ओवरब्रिज मंदिर के पास मेन रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई. हादसे के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार मृतक विशाल मेहरा (21), निवासी घाटली पथरौटा, तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था. ओवरब्रिज मंदिर के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे डिवाइडर से जा टकराया. टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शी आकाश मंडलेकर (25), निवासी पीपल मोहल्ला इटारसी ने पुलिस को दी. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया. मामले की जांच जारी है.

### शैलेंद्र जोशी बने मंडल अध्यक्ष, कांग्रेस ने जताया हर्ष

**माखन नगर, 28 मई.** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बाबई नगर मंडल अध्यक्ष पद पर श्री शैलेंद्र जोशी (गुरुजी) को पुन: नियुक्त किया गया है. उनकी इस नियुक्ति पर नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई.कार्यकर्ताओं ने जोशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की. साथ ही मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डन पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया. पार्टी नेताओं का कहना है कि शैलेंद्र जोशी के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा जमीनी स्तर पर कांग्रेस की गतिविधियां और सक्रिय होंगी.

### द पार्क रेस्टोरेंट में आज होगा प्रतिभा सम्मान समारोह

**नर्मदापुरम.** सोसाइटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स एवं सेज के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शुक्रवार को सायं 3 बजे द पार्क रेस्टोरेंट में किया जाएगा. सोपास जिला अध्यक्ष आलोक राजपूत ने बताया कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डॉ. सीताशरन शर्मा करेंगे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी साईं कृष्णा थोटा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की विशेष उपस्थिति रहेगी. इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

# भाव से प्रसन्न होते हैं भगवान

**सिवनी मालवा, 28 मई. ग्राम दतवासा स्थित श्री रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें एवं समापन दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. कथा स्थल पर पूरे समय भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा. श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ भजनों पर भावविभोर होकर झूमते नजर आए.**



कथावाचक पंडित योगेश शर्मा ने प्रवचन देते हुए कहा कि परमात्मा वस्तु का नहीं बल्कि भाव का भूखा होता है. भगवान को सच्चे मन और श्रद्धा से अर्पित की गई छोटी से छोटी भेंट भी अत्यंत प्रिय होती है. उन्होंने द्रौपदी और भगवान श्रीकृष्ण का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब भगवान की अंगुली से रक्त निकला, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का टुकड़ा फाड़कर उनकी अंगुली में बांधा था. उसी भाव का प्रतिफल भगवान ने चीरहरण के समय उनकी लाज बचाकर लौटाया. उन्होंने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुदामा की पत्नी द्वारा प्रेमपूर्वक भेजे गए चिउड़े को भगवान ने स्नेह से स्वीकार किया और बदले में सुदामा को अपार वैभव प्रदान किया.

# ईदगाह सहित मस्जिदों में अदा हुई नमाज

- ईद उल अजहा पर उमड़ी अकीदत, मांगी दुआ

**नर्मदापुरम, 28 मई. ईद उल अजहा का पर्व गुरुवार को शहर में भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया गया. शहर की मुख्य नमाज ईदगाह में अदा की गई, जहां 2500 से अधिक मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए.**

भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए नमाज का समय सुबह 7:15 बजे रखा गया. नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई. ईदगाह के अलावा शहर की पांच प्रमुख मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा की. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया. शहर काजी हाफिज मोहम्मद अशफाक अली ने नमाज अदा कराई और अपने संबोधन में आपसी प्रेम, त्याग और मानवता का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा त्याग, समर्पण और इंसानियत की भावना को मजबूत करने वाला पर्व है.पर्व को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समाज में उत्साह का माहौल दिखाई दिया. लोग पारंपरिक परिधानों में ईदगाह पहुंचे. बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला.



सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे. ईदगाह और मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा.

**नमाज में उमड़ा जनसैलाब**

सिवनी मालवा. नगर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को धार्मिक आस्था, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया. मुस्लिम समाज के लोगों ने नगर के ईदगाह और जामा मस्जिद में सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, सुख-समृद्धि और भाईचारे की दुआ मांगी. सुबह से ही ईदगाह परिसर में मुस्लिम समाज के लोगों की भीड़ जुटने लगी थी. नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी.

# विधायक ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

## जनता की समस्याओं के निराकरण एवं आमजन को समय पर राहत दिलाने जनसुनवाई

- अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश
- बिजली, पेयजल मामलों को प्रमुखता से उठाया

**सिवनी मालवा, 28 मई. क्षेत्र की जनता की समस्याओं के निराकरण और आमजन को समय पर राहत दिलाने के उद्देश्य से ग्राम बघवाड़ा में विधायक निवास के निज कार्यालय में विधायक प्रेमशंकर वर्मा द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है. शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं. कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और समस्याओं के समाधान के लिए उनके प्रयास लगातार जारी रहेंगे.

कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं और सुझाव लेकर पहुंचे. विधायक वर्मा ने सभी लोगों से आत्मीयता के साथ मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना. इस दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, राजस्व और अन्य जनहित से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया. विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समाधान प्रक्रिया शुरू कराई.

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहता है कि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और हर व्यक्ति की समस्या का समय पर समाधान हो. उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है इसी भावना के साथ वे लगातार क्षेत्रवासियों की सेवा में समर्पित हैं.

### 1.2 डिग्री की उछाल के बाद तापमान दर्ज हुआ 42.6 डिग्री

**नर्मदापुरम.** नौतपा के चौथे दिन सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने शहर को भट्टी जैसा तपता हुआ बना दिया. दिनभर आसमान से आग बरसती रही और शाम के बाद भी गर्म हवाओं से लोगों को राहत नहीं मिल सकी. भीषण गर्मी और उमस के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित नजर आया. मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान की ओर से आ रही गर्म हवाओं ने पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया है, जिसके कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है. गुरुवार को अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ पारा 42.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. वहीं न्यूनतम तापमान भी मामूली बढ़त के साथ 28 डिग्री दर्ज किया गया. भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कें सूनी नजर आईं और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले. बाजारों में भी भीड़ कम दिखाई दी. गर्म हवाओं और उमस भरे मौसम ने दिन के साथ रात का सुकून भी छीन लिया है. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नौतपा को वर्षा ऋतु का गर्भकाल माना जाता है.

# हिरणखेड़ा का गो उत्पत्ति तालाब बना आस्था का केंद्र



**नर्मदापुरम, 28 मई. हिरणखेड़ा स्थित प्राचीन गो उत्पत्ति तालाब आज भी धार्मिक आस्था, सनातन परंपरा और लोक संस्कृति का प्रमुख केंद्र बना हुआ है. मान्यता है कि इसी पावन स्थल से भू-लोक में गोमाता का अवतरण हुआ था, जिसके कारण गौली-ग्वाल समाज इस स्थान को विशेष श्रद्धा से पूजता है.**

सतपुड़ा अंचल के बैतूल, छिंदवाड़ा और दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर ग्वाल देव की आराधना करते हैं. तालाब के मध्य स्थित देवस्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है और लोकगीतों व पारंपरिक भजनों के माध्यम से गोवंश उत्पत्ति की कथाएं सुनाई जाती हैं. दीपावली के दौरान यह पावन स्थल भक्ति और लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर हो उठता है. पारंपरिक वेशभूषा, तुरही और लोक वाद्य यंत्रों की मंगल ध्वनि पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती है.

श्रद्धालुओं का विश्वास है कि तालाब का जल अमृततुल्य और चमत्कारी है, जिसके सेवन से रोगों में राहत मिलती है और गोवंश में समृद्धि आती है. ग्रामीणों के अनुसार, यहां वर्षों से कई अलौकिक घटनाओं की मान्यताएं भी जुड़ी हुई हैं, जो लोगों की आस्था को और मजबूत बनाती हैं.

### शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि की अर्पित

**सिवनी मालवा.** जिलें में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की. तहसील के ग्राम चोतलाय में पदस्थ बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा रघुवंशी के पति एवं तरुण तथा राहुल बल्लू रघुवंशी के पिता प्रेमनारायण रघुवंशी, सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी, के निधन पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त किया. इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की. शोक सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय प्रेमनारायण रघुवंशी के सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व को याद करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की. साथ ही ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की.

# इटारसी में पैसे के लेन-देन विवाद में मारपीट

**इटारसी, 28 मई. शहर की सब्जी मंडी और आयकर भवन क्षेत्र में पैसे के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है. विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार पहला मामला सब्जी मंडी क्षेत्र का है. फरियादी पप्पू सोनकर (32), निवासी नई गरीबी लाइन इटारसी ने शिकायत में बताया कि 26 मई की शाम करीब 6 बजे पैसे के विवाद को लेकर मोईन राईन और गोलू राईन ने उसके साथ हाथापाई की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी.

शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. इसी विवाद में दूसरा पक्ष भी सामने आया. मोहम्मद अशहद (28), निवासी आयकर भवन के पास इटारसी ने पुलिस को बताया कि उसी रात पप्पू सोनकर ने उनके घर के पास रोककर हाथ-मुक्कों से मारपीट की और धमकी दी.

### करंट से महिला की मौत

**पिपरिया.** तरोनकला गांव में करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई. स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में रामबाई (62), पति धनराज कुशवाहा की घर के पीछे खेत में करंट लगने से मौत हो गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुत्र नर्मदाप्रसाद की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

**जनसंपर्क** — आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया चर्चा

# भाजपा में संगठन की मजबूती और विस्तार पर मंथन

**नर्मदापुरम, 28 मई. भारतीय जनता पार्टी के डोलरिया मंडल अंतर्गत शक्ति केंद्र कान्द्राखेड़ी और भीलाखेड़ी में संगठन मजबूती, बूथ विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठकें आयोजित की गईं. बैठकों में कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया गया.**

शक्ति केंद्र कान्द्राखेड़ी की बैठक में जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राजेश गौर, मंडल प्रभारी दिनेश तिवारी और मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे. बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को सक्रिय करने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई.



वहीं भीलाखेड़ी में आयोजित बैठक में गांव स्तर तक संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और जनसंपर्क गतिविधियों को गति देने की रणनीति बनाई गई. बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया. जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का कार्यकर्ता है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका जरूरी है. बैठकों में आगामी सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण और गांव-गांव तक पार्टी की पहुंच बढ़ाने को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए गए.

### भाजपा शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न



**नर्मदापुरम.** भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 4, 7 एवं 9 की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई. बैठकों में संगठन मजबूती, बूथ विस्तार तथा आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई. रुपेश राजपूत ने बताया कि मंडल के सभी 9 शक्ति केंद्रों पर संगठनात्मक बैठकें सफलतापूर्वक आयोजित की गईं. बैठकों में आगामी 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर देखने और सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव एवं मंडल प्रभारी रघुवीर राजपूत का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.

### खिलाड़ियों को किया मोबाइल के प्रति जागरूक

**नर्मदापुरम.28 मई. संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिला नर्मदापुरम के तत्वावधान में ग्राम पंचायत जमानी में कबड्डी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है.**

शिविर का संचालन जिला खेल अधिकारी उमा पटेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है.शिविर के अंतर्गत सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर खिलाड़ियों को मोबाइल फोन के सीमित एवं नियंत्रित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया. आर्मी की सैनिक नीतू साहनी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया. सैनिक नीतू साहनी ने खिलाड़ियों को मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक



और आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मोबाइल का जरूरत से ज्यादा उपयोग समय की बर्बादी के साथ स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डालता है. उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आधुनिक तकनीक और उपकरणों का उपयोग केवल आवश्यकता के अनुसार ही करना चाहिए, ताकि खेल, पढ़ाई और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े. कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने भी जागरूकता संबंधी जानकारी को गंभीरता से सुना.